तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 19 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 28 मार्च 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

4 फिर बदला मौसमः तेज हवाओं के साथ अचानक हुई तेज बारिश



## खबर संक्षेप

### तेज आंधी-तूफान के साथ हल्की बारिश



**सोनहत।** खंड स्तर पर शुक्रवार सुबह मौसम तेज धूप और गर्मी से भरा रहा, लेकिन दोपहर बाद लगभग 3 बजे अचानक मौसम ने करवट ले ली। आसमान में घने बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ आंधी-तूफान शुरू हो गया। इसके साथ ही हल्की बारिश की बौछारें भी पड़ीं, जिससे पूरे क्षेत्र का मौसम अचानक ठंडा और सुहावना हो गया। तेज हवा और अंधड़ के कारण घरों के बाहर रखे सूखे कपड़े और हल्के सामान उड़ने लगे। लोगों को अचानक आए इस बदलाव से संभलने का मौका नहीं मिला, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लगभग आधे घंटे तक चले इस तूफान और बारिश ने जहां गर्मी से राहत दिलाई, वहीं कुछ लोगों के लिए परेशानी भी खड़ी कर दी। खुले में रखे धान और ईंट से जुड़े कच्चे कारोबार को आंशिक नुकसान पहुंचा है, इससे संबंधित लोगों को नुकसान उठाना पड़ा।

### अंडर-23 ट्रायल्स की तैयारियां जोरों पर

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने वर्ष 2026-27 के लिए युवा क्रिकेटरों के चयन ट्रायल्स एवं मेडिकल टेस्ट की रूपरेखा तैयार कर ली है। पुरुष एवं महिला अंडर-23 श्रेणी के राज्य स्तरीय ट्रायल्स अप्रैल में रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होंगे, जबकि अंडर-16 खिलाड़ियों के लिए बोन टेस्ट जिला स्तर पर निर्धारित तिथियों पर कराए जाएंगे। पुरुष अंडर-23 ट्रायल्स 4 अप्रैल को होगा। महिला अंडर 23 एवं सीनियर ट्रायल्स 9 अप्रैल को निर्धारित हैं। प्रत्येक जिले से अधिकतम 15 खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनकी सूची 28 मार्च तक सीएससीएस को भेजनी होगी। अंडर-16 खिलाड़ियों के चयन से पूर्व बोन टेस्ट अनिवार्य है। सरगुजा जिले का टेस्ट 29 मार्च को होगा। इसी प्रकार कोरिया एवं जशपुर के टेस्ट भी 29 मार्च को आयोजित होंगे। अंडर 16 का कैंप 29 मार्च से मल्टीपरपज हाई स्कूल ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है जहां पूर्व में सलेक्ट खिलाड़ियों को अपने किट के साथ उपस्थित होना है साथ ही कैंप में अच्छे परफॉर्मेंस के आधार पर 16 खिलाड़ियों का सिलेक्शन किया जाएगा। सरगुजा क्रिकेट संघ के अध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह ने बताया कि ये ट्रायल्स युवा प्रतिभाओं को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर मौका प्रदान करेंगे।



## देवी मंदिरों में दिनभर चला हवन-पूजन, जवारा विसर्जन झांकी भी निकली

# रामनवमीं पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

चैत्र नवरात्र के नवमी तिथि शुक्रवार को देवी मंदिरों एवं आस्था केन्द्रों में श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही उमड़ी रही, दोपहर बाद तक श्रद्धालु देवी के दरबार में मत्था टेकने एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते रहे। देवी का दरबार माता के जयकारे से गूंजता रहा और माता के जसगीत से भक्तिमय वातावरण बना रहा। इस दौरान देवी मंदिर परिसर में हवन -पूजन से मंदिर परिसर सुवासित हो उठा।

अंचल का प्रमुख आस्था का केन्द्र मां रमदईया धाम में नवमी तिथि को भक्तों की भारी भीड़ पूजा-अर्चना के लिए जुटी रही। यहां सुबह से ही माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए भक्त जुटते रहे, इसके अलावा एमसीबी जिले के खड़गवां के निकट चनवारीडॉड़ स्थित मॉ महामाया मंदिर में भी अंतिम दिन सुबह से लेकर देर अपरान्ह तक भक्तों की भीड़ जुटी रही, हालांकि यहां पूरे नवरात्र के दौरान प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती रही, लेकिन नवमी तिथि को यहां सबसे अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिला। इसी तरह एमसीबी जिले के जनकपुर क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर स्थित आस्था केन्द्र में काफी संख्या में अंतिम दिन श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे, इसके अलावा कोरिया-एमसीबी जिले के ग्रामीण अंचलों के देवालयों में भी भक्तिभाव के साथ चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन पूजा-अर्चना की गई।







### जवारा विसर्जन की निकली झॉकी

चैत्र नवरात्र के नवमी तिथि को जगह-जगह ज्वारा विसर्जन की झॉकी निकाली गई। इस दौरान झॉकी का नजारा देखते ही बना रहा था। महिलाएं जवारा को बर्तन में रखकर अपने सिर पर ढोकर चलती रही और उसके आगे कुछ लोग झूमते हुए चल रहे थे। जानकारी के अनुसार शहर से लगे ओड़गी नाका बैकुंठपुर क्षेत्र से 27 मार्च को सुबह 10 बजे जवारा की झॉकी भक्तिभाव के साथ निकाली गई, इसके अलावा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में नवमी तिथि को जवारा विसर्जन की झॉकी निकाली गई। शहर के निकट प्रमुख आस्था केन्द्र मॉ रमदईया धाम से नवमी तिथि को दोपहर के समय भव्य ज्वारा विसर्जन की झॉकी निकाली गई, इसके अलावा बैकुंठपुर के हर्रापारा क्षेत्र में भी भक्तों के द्वारा भक्तिभाव साथ जवारा विसर्जन की झांकी निकाली गई।

### कुमार चौक में जलपान वितरण

मॉ रमदईया धाम से निकली जवारा विसर्जन की झांकी शहर के कुमार चौक पर दोपहर के समय जब पहुंची तो श्रद्धालुओं द्वारा यहां जलपान वितरण किया गया। जवारा विसर्जन की झांकी में काफी संख्या में महिलाएं सिर में जवारा लेकर चल रही थी, साथ में भक्तजन भी काफी संख्या में शामिल रहे।

### धूमधाम से मनाई गई रामनवमी

**चरचा कॉलरी।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाने वाला रामनवमी पर्व इस वर्ष चरचा कॉलरी क्षेत्र में अभूतपूर्व श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। पूरे क्षेत्र में सुबह से ही जय श्रीराम के जयघोष गूंजते रहे, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। सुबह से ही हनुमान मंदिर, राम मंदिर एवं दुर्गा शक्ति मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। भक्तों ने भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान जी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। मंदिरों को आकर्षक फूल-मालाओं और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया था, जिससे पूरा वातावरण मनमोहक बन गया। दिनभर भजन-कीर्तन, रामायण पाठ और धार्मिक आयोजनों की गूंज से चरचा कॉलरी आध्यात्मिक रंग में रंगा रहा। बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और आयोजन को सफल बनाया। दोपहर में गिरिडीह समाज द्वारा विशेष पूजा-अर्चना कर मंदिर परिसर में विधि-विधान से ध्वज स्थापित किया गया। इस दौरान डंके की गूंज, शंखनाद और जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिरस में डूब गया। पर्व के अवसर पर जगह-जगह प्रसाद वितरण किया गया, वहीं शाम को भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। रामनवमी के इस भव्य आयोजन ने चरचा कॉलरी में सामाजिक एकता, भाईचारे और धार्मिक आस्था की अनूठी मिसाल पेश की। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भी मंदिरों में पहुंचकर भगवान श्रीराम के दर्शन किए और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। यह आयोजन इस बात का संदेश देता है कि धार्मिक पर्व न केवल आस्था का प्रतीक हैं, बल्कि समाज को जोड़ने और भाईचारे को मजबूत करने का भी सशक्त माध्यम भी हैं। रामनवमी का यह पर्व चरचा कॉलरी में शांति, सौहार्द और उल्लास के साथ संपन्न हुआ, जिसकी गूंज देर रात तक सुनाई देती रही।



# नौकरी का झांसा देकर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के थाना पटना क्षेत्र में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी द्वारा आंगनबाड़ी सुपरवाइजर एवं शिक्षक पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर कई लोगों से लाखों रूपए ठगे गए थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम तेंदुआ निवासी आरती पटेल ने थाना पटना में शिकायत दर्ज कराई थी कि टेंगनी निवासी संदीप सिंह सारथी ने महिला एवं बाल विकास विभाग में आंगनबाड़ी सुपरवाइजर की नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाकर उससे किश्तों में करीब 2 लाख 40 हजार रूपए सहित अन्य रकम 44 हजार और 24 हजार 750 रूपए लिए, लेकिन नौकरी नहीं दिलाई और रकम हड़प ली। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने स्तुति पटेल एवं प्रियंका कुजूर को आत्मानंद विद्यालय में शिक्षक पद पर नियुक्ति का झांसा देकर दोनों से 1 लाख 80 हजार रूपए, 1 लाख 80 हजार रूपए की ठगी की।





पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की, जिसमें पता चला कि आरोपी ने ठगी की रकम से एक कार खरीदी थी। पुलिस ने वाहन क्रमांक सीजी 16 सीएस 0226 को जब्त कर लिया है। आरोपी को 27 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल बैकुंठपुर भेज दिया गया। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि नौकरी दिलाने के नाम पर किसी को रूपए न दें और इस प्रकार के मामलों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

## फाल्स सिलिंग तोड़कर चोरों ने दुकान से पार किया 20 हजार का सामान

**अम्बिकापुर।** गौरव पथ स्थित दुकान के फाल सिलिंग को तोड़ कर चोरों ने दुकान से लगभग 20 हजार कीमत का सामान चोरी कर ले गए। दुकान संचालक ने घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। जानकारी के अनुसार गांधीनगर निवासी रतन यादव ने पुलिस को बताया कि बस स्टैण्ड गौरव पथ स्थित दुकान है जहां हर रोज की भांति बीती रात दुकान बंद कर घर चला गया। सुबह दुकान खोला तो देखा दुकान का फाल सिलिंग टूटा तथा दुकान में रखे लगभग 20 हजार कीमत के सामान गायब थे। दुकान संचालक की शिकायत पर पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आकर 7 मवेशियों की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शुक्रवार अपरान्ह करीब 3 बजे पटना में अचानक बदले मौसम के बीच हुई तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से बड़ा हादसा हो गया। बिजली की चपेट में आने से 7 गौवंश की मौके पर ही मौत हो गई, जिससे पशुपालकों को भारी आर्थिक क्षति हुई है।

■ पशुपालकों को भारी नुकसान

प्राप्त जानकारी के अनुसार बारिश शुरू होते ही मवेशी बचाव के लिए एक वृक्ष के नीचे खड़े हो गए थे। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरने से सभी मवेशी उसकी चपेट में आ गए और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे में पशु मालिक मंगली सिंह पति रामकृपाल जाति गोंड के कुल 7 मवेशी जिसमे 6 गाय और 1 बैल मृत पाए गए, इनमें दो दुधारू गाय, एक गाभिन गाय, एक बैल तथा तीन बछिया शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही नगर पंचायत उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

उन्होंने मौके पर उपस्थित हल्का पटवारी योगेश गुप्ता को निर्देशित किया कि प्रभावित पशुपालकों के लिए शीघ्र मुआवजा प्रकरण तैयार कर राहत दिलाई जाए।

इस दौरान घटनास्थल पर पार्षद सुजीत सोनी, विनोद यादव, सुमनत मित्रा, संतोष यादव सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### वाहन की टक्कर से घायल वृद्ध की मौत

**अम्बिकापुर।** वाहन की टक्कर से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। मृतक की पहचान होने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। मृतक विवाह के लिए लड़की देखने गया था वहां से वापस आते समय रास्ते अज्ञात वाहन के चालक ने टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम नवगई निवासी अमर सिंह 23 मार्च को गांव के ही गजेन्द्र सिंह, रतिराम व पारस के साथ बेटा के विवाह के लिए ग्राम अमगांव में लड़की देखने जाने की बात कर निकला था। चारों अलग-अलग बाइक से अमगांव गए थे जहां से बाकी तीनों लोग वापस गांव लौट आए जबकि अमर सिंह अमगांव में ही अपने घर रुक गया। इसी बीच शराब पीने के पश्चात घर वापस लौट रहा था तभी ग्राम तिलसवा के समीप अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे ग्रामीण सड़क किनारे अचेत हालत में पड़ा हुआ था। घायल को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। घटना की जानकारी लगने पर परिजन अस्पताल पहुंचे जहां पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पीएम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।





## विकास कार्यों पर हुआ अनुमोदन

# जिला खनिज संस्थान न्यास शासी परिषद की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ शासी परिषद की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना, डीएमएफ नियमों में हुए संशोधन तथा खनन प्रभावित क्षेत्रों के निर्धारण सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने बताया कि शासन द्वारा डीएमएफ नियमों में संशोधन किया गया है, जिसके तहत अब केवल खनन वाले जिले को ही डीएमएफ निधि प्राप्त होगी। साथ ही खनन क्षेत्र से 15 किमी तक के क्षेत्र को प्रत्यक्ष प्रभावित तथा 25 किमी तक के क्षेत्र को अप्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया गया है। इसी आधार पर जिले के प्रभावित ग्रामों की सूची तैयार कर अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की गई। उन्होंने जानकारी दी कि डीएमएफ निधि का 70 प्रतिशत भाग शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं कौशल विकास जैसे उच्च प्राथमिकता वाले कार्यों पर व्यय किया जाएगा, जबकि शेष राशि अन्य अधोसंरचनात्मक कार्यों पर खर्च की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि निधि का उपयोग पारदर्शिता के साथ करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाए तथा वित्तीय वर्ष समाप्ति से पूर्व लंबित प्रस्तावों के अनुमोदन की प्रक्रिया पूर्ण की जाए। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने भी अधोसंरचना विकास के संबंध में अपने सुझाव दिए। विधायक भईयालाल राजवाड़े ने अधिकारियों से समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने की अपील की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर डीडी मंडावी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### सीएम सुशासन फैलोशिप के तहत छात्रवृत्ति हेतु आवेदन 31 तक

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा युवाओं को शासन एवं नीति निर्माण की प्रक्रिया से जोड़ने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सुशासन फैलोशिप की शुरुआत की गई है। इस महत्वाकांक्षी पहल की घोषणा माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा नवंबर 2024 में की गई थी। यह फेलोशिप कार्यक्रम इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट रायपुर एवं छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन एवं अभिसरण विभाग के संयुक्त सहयोग से संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य राज्य के युवाओं को प्रशासनिक प्रक्रियाओं, नीति निर्माण एवं क्रियान्वयन में सक्रिय भागीदारी का अवसर प्रदान करना है, जिससे शासन की प्रभावशीलता और दक्षता में वृद्धि हो सके। कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों को पूर्ण रूप से प्रायोजित शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें समस्त शिक्षण शुल्क का वहन राज्य शासन द्वारा किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक फेलो को प्रति माह 50 हजार रुपए की छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। यह कार्यक्रम दो वर्षों की अवधि का होगा, जिसमें प्रतिभागियों को कक्षा शिक्षण के साथ-साथ राज्य शासन के विभिन्न विभागों एवं जिला कलेक्टर कार्यालयों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों का चयन कैट स्कोर, समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। इस फेलोशिप के लिए केवल छत्तीसगढ़ के निवासी पात्र होंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार, आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है। इसके पश्चात अभ्यर्थियों के लिए व्यक्तिगत साक्षात्कार (पीआई) 16 एवं 17 अप्रैल को आयोजित किए जाएंगे। चयनित अभ्यर्थियों का पंजीकरण एवं दस्तावेज सत्यापन 15 जून को संपन्न होगा। कार्यक्रम के अंतर्गत 16 से 20 जून तक तैयारी सत्र आयोजित किए जाएंगे, जबकि 22 से 24 जून तक उद्घाटन एवं अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित होगा। नियमित कक्षाओं का संचालन 25 जून से प्रारंभ किया जाएगा।

### इंद्रावतीपुर में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर स्थगित

**बलरामपुर।** विकासखण्ड रामचन्द्रपुर के ग्राम पंचायत इंद्रावतीपुर में 27 मार्च को आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

### चोरों ने अस्पताल एवं बाजार से पार किया बाइक

**अम्बिकापुर।** शहर में एक बार फिर से बाइक चोरी की घटनाएं बढ़ गई है। कभी चोर कोतवाली क्षेत्र में तो कभी गांधीनगर क्षेत्र से चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। चोरों ने गांधीनगर व कोतवाली क्षेत्र से अलग-अलग घटनाओं में अस्पताल के सामने एवं बाजार से बाइक को पार कर दिया। पुलिस ने दोनों मामले में चोरी का मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार कुसमी अंतर्गत ग्राम घुघरीकला निवासी बलेश्वर आ. लुडधू राम शहर के सुभाष नगर में किराए के मकान में रहकर मजदूरी का काम करता है। रविवार को बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएन 2994 से बुधवारी बाजार अजिरमा सब्जी लेने गया था। मजदूर बाजार में बाइक को खड़ा कर सब्जी खरीदने चला गया। कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। इसी प्रकार दूसरी घटना में गांधीनगर निवासी पंकज भाई पटेल आ. अभिनंदन पटेल ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि पिता, बहू व भाई की तबीयत खराब होने पर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। 22 मार्च को बाइक क्रमांक सीजी 15 सीआर 6905 को अस्पताल के सामने खड़ा कर वार्ड में चला गया। कुछ समय बाद बाहर निकला तो देखा बाइक गायब थी। बाइक के नहीं मिलने पर बाइक चोरी होने की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों मामलों में अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### भाजयुमो ने चलाया यातायात जागरूकता अभियान



अम्बिकापुर। भाजयुमो जिला अध्यक्ष निशांत सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ मंगलवार को गांधी चौक पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने दोपहिया चालकों को हेलमेट पहनने एवं दो से ज्यादा लोगों को न बैठाने की सलाह दी साथ ही चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने का आग्रह किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक नियम नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा की गारंटी है। अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं स्वयं की लापरवाही और नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं। भाजयुमो का उद्देश्य युवाओं और नागरिकों को जिम्मेदार बनाना है ताकि वे सुरक्षित अपने घर पहुंच सकें। इस दौरान मोर्चा की प्रदेश मंत्री सुश्री प्रिया सिंह, अनीश सिंह, अविनाश मंडल, शुभम सिंह भदौरिया, रिशु अंबष्ट, अनुराग शुक्ला, ओंकारेश्वर सिंह, अतीश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

खदान के सामने किया चक्का जाम, पूरे दिन ठप रहा कोल परिवहन

# देर रात कार्रवाई कर मकान तोड़ने के मामले में फूटा लोगों का आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बात**

- पांच सूत्रीय मांग को लेकर अड़े रहे प्रदर्शनकारी

क्षेत्र के जगन्नाथपुर में देर रात बिना सूचना के मकान तोड़े जाने के मामले को लेकर लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। 25 मार्च की मध्य रात्रि एसईसीएल और पुलिस की कार्रवाई के विरोध में गुरुवार को हजारों के संख्या में आक्रोशित ग्रामीण एवं कांग्रेसी नेताओं ने कोयला खदान के सामने मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। साथ ही शासन प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। गत दिन आक्रोशित ग्रामीणों ने अवैध रूप से मकान तोड़ने को लेकर एसडीएम कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया था और चक्का जाम करने की चेतावनी दी थी। खदान के सामने मुख्य मार्ग पर चक्का जाम करने से पूरे दिन कोल परिवहन पूरी तरह से ठप रहा। इधर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर शाम तक प्रदर्शन कारी खदान के सामने डटे रहे।

ग्रामीणों का आरोप है कि स्व. माखन मिंज के परिवार, जिसमें पूर्व जिला पंचायत सदस्य मंजू मिंज भी शामिल हैं, उनके मकान को बिना किसी पूर्व सूचना के देर रात पुलिस बल की मौजूदगी में



सड़क पर बैठकर चक्काजाम करते ग्रामीण।

तोड़ दिया गया। बताया जा रहा है कि उस समय परिवार के लोग घर के भीतर सो रहे थे और अचानक चारों ओर से पुलिस ने घर को घेर लिया, जिसके बाद तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू कर दी गई। पीड़ित परिवार और ग्रामीणों का कहना है कि इस कार्रवाई के दौरान घर में रखे कीमती सामान, नकदी, जेवर, जरूरी दस्तावेज और यहां तक कि मवेशियों का भी कोई पता नहीं चल पाया है। ग्रामीणों ने एसईसीएल और पुलिस पर मिलीभगत कर पूरे सामान को गायब करने का आरोप लगाया है तथा एसडीएम कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया। साथ ही कार्रवाई नहीं होने पर चक्का जाम करने की चेतावनी दी। आज सुबह मदननगर, कनक नगर, सिलफिली, गुदरूदर और बोझ सहित अन्य गांव के बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हुए और कोयला खदान के सामने मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष बच्चे जगन्नाथपुर खदान के मुख्य गेट पर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने कोल परिवहन कर रहे ट्रकों को रोक दिया जिससे तनाव की स्थिति बनी रही। प्रदर्शन के दौरान , यहां कई बार झड़प की स्थिति भी निर्मित हुई वहीं ग्रामीणों का उग्र आक्रोश देखकर एसईसीएल और पुलिस विभाग में हड़कंप मचा रहा।कार्रवाई के विरोध में ग्रामीणों ने साफ कहा कि एसईसीएल और पुलिस के इशारे पर काम कर रही है। जहां गरीबों की घर और उनकी आवाज दबा दी जा रही है। इधर अधिकारियों ने कई बार समझाने का प्रयास किया मगर आंदोलनकारी किसी की नहीं सुनी और आमसभा चक्का जाम उग्र रूप ले लिया है वही प्रदर्शन कारी अपनी पांच सूत्रीय मांग को लेकर मौके पर कलेक्टर एवं एसईसीएल जी एम को बुलाने की मांग पर अड़े हुए है। अधिकारियों के नहीं आने पर शाम तक चक्का जाम जारी रहा। इस दौरान पूर्व विधायक भानु प्रताप सिंह, विद्या सागर सिंह, अनिल गुप्ता, नवीन जायसवाल, संजू श्रीवास्तव, त्रिभुवन सिंह टेकाम, सुरेश आयाम, शशि सिंह अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी सहित स्थानीय कांग्रेसी नेता के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर डटे हुए हैं।

**वाहनों की लगी रही कतार**

जगन्नाथपुर खदान के सामने मुख्य मार्ग पर सुबह 11 से चक्का जाम शुरू किया जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। इधर खदान परिसर में मौजूद वाहन भी खदान परिसर में पूरे दिन खड़े रहे। ग्रामीणों द्वारा चक्का जाम करने से पूरे दिन कोल परिवहन पूरी तरह से ठप रहा। इधर प्रदर्शनकारी अपनी पांय सूत्रीय मांगों को लेकर अड़े रहे वहीं अधिकारियों के नहीं आने से ग्रामीण काफी आक्रोशित हो गए और खदान प्रबंधन व प्रशासन के विरूद्ध जमकर नारेबाजी की। महिलाओं का उग्र रूप देखकर शासन प्रशासन अधिकारियों के हाथ पैर फूलने लगे।



## मंत्री राजवाड़े ने 600 छात्राओं को दिखाई द केरल स्टोरी 2

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- बेटियों के सुरक्षित और सशक्त भविष्य के लिए सामाजिक विषयों से कराया गया अवगत

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में जिले में विभिन्न महाविद्यालयों की लगभग 600 छात्राओं को सामाजिक विषय पर आधारित फिल्म द केरल स्टोरी 2 दिखाई गई।

मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि बदलते सामाजिक परिवेश में बेटियों को शिक्षित, जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छात्राओं को समाज में घटित होने वाली विभिन्न परिस्थितियों और चुनौतियों की जानकारी मिलना जरूरी है, ताकि वे सही निर्णय लेने में सक्षम बन सकें और अपने जीवन को सुरक्षित एवं सशक्त दिशा दे सकें। उन्होंने कहा कि बेटियों का आत्मविश्वास और जागरूकता ही उनके सुरक्षित भविष्य की सबसे बड़ी ताकत है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राओं ने सहभागिता करते हुए सामाजिक मुद्दों पर आधारित इस फिल्म को देखा और महत्वपूर्ण संदेशों से अवगत हुईं। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं और बालिकाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण को प्राथमिकता दे रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों और पहलों के जरिए बेटियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सरकार का प्रयास है कि प्रदेश की हर बेटी शिक्षा, सुरक्षा और स्वाभिमान के साथ आगे बढ़े तथा समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने फिल्म के माध्यम से सामाजिक विषयों को समझने और स्वयं को सतर्क एवं आत्मविश्वासी बनाने की बात कही। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षक, महाविद्यालय के प्राध्यापक, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं।




## सूने मकान से गैस सिलेंडर व बर्तन चोरी के मामले में तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सूने मकान से बर्तन, गैस सिलेंडर की चोरी करने के मामले में वाड्रफनगर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी किया गया सामान भी बरामद किया है।

मिली जानकारी के अनुसार वाड्रफनगर वार्ड क्रमांक 5 निवासी डॉ. प्रभात रंजन उपाध्याय 20 मार्च को किसी काम से घर में ताला लगाकर बाहर गए हुए थे। इस दौरान देर रात अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और बक्से का ताला तोड़कर कांशा का लोटा 16 नग, गिलाश 11 नग, कटोरा 29 नग, थानी 9 नग, गैस सिलेण्डर समेत लगभग 84 हजार 300 रूपए का सामान पार कर दिया था। घर लौटने के बाद चिकित्सक ने 23 मार्च को घटना की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने मामले में चौकी अंतर्गत ग्राम कोटराही निवासी 21 वर्षीय चनद्रिका कुश्वाला आ. तेजबली, वाड्रफनगर वार्ड क्रमांक 7 निवासी दीपक प्रजापति आ. मनोज प्रजापति, वार्ड कमांक 5 निवासी 33 वर्षीय संदीप कुशवाहा आ. अप्रबल कुशवाहा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।

पुलिस ने मामले में आरोपियों को बीएनएस की धारा 305, 341(4), 317(2), 3(5) के तहत अपराध दर्ज करने के साथ चोरी किया गया सम्पूर्ण सामान बरामद कर लिया गया है।

## गायत्री खदान के कोल स्टॉक में पत्थर होने से डीओ होलडर्स की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- ख़राब गुणवत्ता के कोयला उठाव होने से मांग में आई कमी, फैक्ट्री समेत अन्य पार्टियों ने मिश्रित कोयला लेने से मना किया

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की गायत्री भूमिगत खदान में इन दिनों कोयला के साथ पत्थर मिश्रित होने से डीओ होल्डरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, डीओ होल्डरों का आरोप है कि पिछले एक महीने से खदान प्रबंधन लगातार आश्वासन दे रहा है कि 2-3 दिन में फ्रेश कोयला का उत्पादन व सप्लाई होने लगेगी,लेकिन हकीकत यह है कि आज तक स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ,खदान से निकलने वाला अधिकांश कोयला पत्थर मिश्रित है,जिससे पार्टियों व व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।कोयले के नाम पर पत्थर मिलने से व्यापारियों की पूरी गणना बिगड़ गई है,डीओ होल्डरों का यह भी आरोप है कि खरीदा गया कोयला बाजार में बेचने लायक नहीं और परिवहन और मजदूरी का खर्च अलग से उठाना पड़ रहा है।कोयला की गुणवत्ता खराब होने की वजह से फैक्ट्री समेत अन्य पार्टियां भी अब सप्लाई लेने से मना करने लगे हैं,ज्ञात हो कि एसईसीएल की नीति के अनुसार पहले कोयले का ग्रेड के अनुसार ऑक्शन होता है और व्यापारी निर्धारित रेट व फीस के अनुसार पूरी पेमेंट जमाकर कोयला खरीदता है,खदान से कोयला उठाने के लिए 45 दिन की टाइम लिमिट प्रदान की जाती है।डीओ होल्डरों के अनुसार यदि 45 दिनों में कोयला नहीं उठाया गया,तो सम्बंधित डीओ स्वयं लैप्स मान लिया जाता है जिस कारण से बड़ी आर्थिक क्षति से बचने के लिए डीओ होल्डरों को समय रहते सम्बंधित ग्रेड के कोयले का उठाव कराना जरुरी होता है,लेकिन क्षतिपूर्ति के लिए प्रबंधन की तरफ से कोई स्पष्ट जवाबदेही तय नहीं है,गायत्री खदान में ख़राब गुणवत्ता का कोयला मिलने एवं मांग व सप्लाई कम हो जाने से डीओ होल्डरों को मार्च क्लोज़िंग के समय में



आर्थिक नुकसान होना तय माना जा रहा है, डीओ होल्डरों ने एसईसीएल प्रबंधन से मांग की है कि खदान में गुणवत्ता सुधार के लिए तत्काल कदम उठाए जाने चाहिए।लैप्स हुए कोयले पर की जाने वाली कटौती खत्म हो और हो चुके नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा दिया जाए,साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए।

इस संबंध में गायत्री खदान के मैनेजर जनार्दन सिंह ने बताया कि कोयला की आपूर्ति डीओ होल्डरों को नियमानुसार की जा रही है,मशीनों के ब्रेक डाउन होने की वजह से कभी कभी परेशानी होती है, लेकिन उसे सुधार कर फ्रेश कोयला की ही सप्लाई डीओ होल्डरों को की जा रही है,कोयला के साथ जो पत्थर आता है, जिसे अलग कराकर छंटनी करा दिया जाता है।

### प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदन 17 अप्रैल तक

**बलरामपुर।** आदिवासी विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। जारी सूचना के अनुसार ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल रात्रि 12 बजे तक निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार के लिए 18 अप्रैल से 21 अप्रैल तक तथा जिला स्तर पर दस्तावेजों का परीक्षण 22 अप्रैल से 28 अप्रैल तक किया जाएगा।

विद्यार्थी 1 मई से 9 मई के बीच अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश हेतु परीक्षा का आयोजन 10 मई को किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग ने जानकारी दी है कि प्रयास आवासीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे मेडिकल, इंजीनियरिंग एवं अन्य परीक्षाओं की तैयारी कराई जाती है।




## पुरुष कुश्ती में श्रीराम, महिला में कलशपाल बने चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर


- वॉलीबॉल में गजाधरपुर और कबड्डी में पचीरा ने मारी बाजी

कुदरगढ़ महोत्सव अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय खेल महाकुंभ का भव्य समापन हुआ। कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजेंद्र सिंह पाटले के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन और मां बागेश्वरी धाम ट्रस्ट कुदरगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में अखिल भारतीय कुश्ती, जिला स्तरीय वॉलीबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न हुआ।

कुदरगढ़ में पहली बार अखिल भारतीय कुश्ती, उमड़ा पूरा जिला खेलकूद प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी मो. गौस बेग ने बताया कि कुदरगढ़ में पहली बार आयोजित अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता ने उत्साह जगाया। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब और दिल्ली के नामचीन पहलवानों ने अपने दमखम और कौशल का प्रदर्शन किया। पुरुष वर्ग का खिताब उत्तर प्रदेश के श्रीराम पहलवान ने जीता, जबकि महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश की ही कलशपाल ने विजेता का ताज पहना। जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में इस बार रिकॉर्ड 22 टीमों ने भाग लिया। फाइनल में गजाधरपुर ने गोंदा को लगातार दो सेटों में 2-0 से हराकर विजेता बना। गोंदा उपविजेता और सूरजपुर तृतीय स्थान पर रहा। व्यक्तिगत पुरस्कारों में बेस्ट अटैकर नेगी गजाधरपुर, बेस्ट ब्लॉकर चमन सूरजपुर और मैन ऑफ द टूर्नामेंट हिमांशु रजक गोंदा रहे। कबड्डी प्रतियोगिता में 19 टीमों के बीच तीन दिन चले कड़े मुकाबले में पचीरा टीम ने गत वर्ष के अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। फाइनल में पचिरा ने गंगोटी को 25-14 से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम की। नरेशपुर तृतीय स्थान पर रहा। बेस्ट डिफेंडर प्रदीप राजवाड़े पचिरा, बेस्ट रेडर सत्या गंगोटी और मैन ऑफ द टूर्नामेंट अमन किंडो पचिरा को विशेष पुरस्कार से नवाजा गया। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, मां बागेश्वरी धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा और मेला अध्यक्ष भुवन प्रताप सिंह ने विजेताओं को ट्रॉफी एवं माला पहनाकर सम्मानित किया।

### बेडमिंटन की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मनीषी को मिला ब्रांज मैडल

बिलासपुर। गोवा में हो रहे योनेक्स सनराइस 48वां मास्टर्स नेशनल बेडमिंटन चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ से 45 वर्ष की आयु वर्ग में मनीषी सिंह ने ब्रांज मैडल हासिल कर एक बार फिर से प्रदेश का



नाम रोशन किया है। मनीषी सिंह ने अपने सिंगल्स में सबसे पहले कल्पना अग्रवाल को सीधे सेटो में 21-13,21-13 से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। इसके बाद दिल्ली की खिलाड़ी निवेदिता को 21-4,21-17 से हराकर क्वार्टर फाइनल राउंड में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल राउंड में इनका मुकाबला हैदराबाद की खिलाड़ी स्वेता वायकर से हुआ जिसे 21-13 से पहला सेट हारने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए कड़े मुकाबले को 21-17,21-19 से अपने नाम किया । सेमीफाइनल में असम की खिलाड़ी विदिशा बोरा से कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद मनीषी सिंह को गोवा के सचिव द्वारा ब्राउंज मैडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस जीत से मनीषी सिंह के परिवार एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के सभी लोग उत्साहित हैं।

## बाइक सवार को टक्कर मारते 40 फीट गहरे खाई में गिरा ट्रैक्टर, बाल-बाल बचे सवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

बाइक सवारों को टक्कर मारते तेज रफ्तार ट्रैक्टर सड़क किनारे लगभग 40 फीट खाई में गिर गई। दुर्घटना में बाइक सवार और ट्रैक्टर चालक बाल बाल बच गए। पुलिस जांच में जुटी गई है।

अंबिकापुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे 130 स्थित कुंवरपुर जलाशय मोड़ के पास 25 मार्च की रात लगभग 7.30 बजे बाइक सवारों को टक्कर मारते हुए ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगभग 40 फीट खाई में गिर गई। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया वहीं बाइक सवार दोनों युवक बाल बाल बच गए और दोनों को मामूली चोटे आई। सूचना मिलते ही एसडीओपी



तुल सिंह पट्टावी, तहसीलदार अंकिता पटेल, थाना प्रभारी संपत पोटाई, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि विक्रम सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे। बाइक सवार युवकों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया जहां उपचार के बाद दोनों युवक अपने घर चले गए। फिलहाल लखनपुर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# निजी कंपनी के सेल्स मैनेजर ने होटल में लगाई फांसी, मौत


हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में निजी कंपनी के काम के सिलसिले में आए सेल्स मैनेजर ने होटल के कमरा नम्बर 109 में फांसी लगा लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार जबलपुर अंतर्गत हरदौली मुख्य मार्केट निवासी मो. इरफान आ. इब्राहिम (28 वर्ष) एक निजी कंपनी में सेल्स मैनेजर के पद पर कार्यरत था। 25 मार्च को कंपनी के काम के सिलसिले में शहर आया था और शहर के सत्तीपारा दिवान तालाब के समीप एक होटल



के कमरा नम्बर 109 में रुका था। सुबह होटल के स्टाफ से पानी मंगा कर पिया उसके बाद कमरे को बंद कर लिया। इसी बीच पत्नी ने होटल में फोन कर बताई कि उसके पति के मोबाइल से बात नहीं हो पा रही है और बात कराने को कहा। जब होटल स्टाफ कमरा नम्बर 109 में गए तो देखा दरवाजा अंदर से बंद है। आवाज देने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो होटल संचालक ने घटना की सूचना डायल 112 टीम को दी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच खिड़की से देखा तो युवक चादर से पंखा के सहारे फांसी में लटका हुआ था। पुलिस ने किसी तरह दरवाजा खोला और शव को नीचे उतरवाया। साथ ही घटना की सूचना परिजन को दी गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है।




# वाल्मीकि रामायण की पहली झलक जारी, राम के दिखे चरण

**मुंबई।** आगामी फिल्म 'वाल्मीकि रामायण' के निर्माताओं ने गुरुवार को इसका फर्स्ट लुक पोस्टर साझा किया है। पोस्टर पर भगवान राम के चरण दिखाए गए हैं। यह तस्वीर आस्था, करुणा और पवित्र यात्रा शुरू करने से पहले आशीर्वाद लेने के काम को दिखाती है। यह फिल्म इस साल अक्टूबर में रिलीज होगी। फिल्म 'वाल्मीकि रामायण' के निर्देशन की कमान राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता भावना तलवार ने संभाली है। गुरुवार साझा किए गए पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, 'जब तक पहाड़ खड़े रहेंगे और नदियां बहती रहेंगी, रामायण जिंदा रहेगी'। बता दें कि यह फिल्म 2 अक्टूबर को रिलीज होगी। इस फिल्म में इंडस्ट्री की एक मजबूत टीम एक साथ काम कर रही है।

## लाइफ Style



# जैस्मिन
## पंजाब की मिट्टी ने दी आवाज

एजेंसी ⏭ मुंबई

अपनी दमदार आवाज और रूहानी सुरों से जैस्मिन सैंडलस मे अपना एक अलग मुकाम बनाया है। पंजाब से शुरू हुई जैस्मिन की कहानी आज उनके गानों के जरिए फैंस की जुबान पर हैं। एक वक्त था जब सिंगर बुरी तरह टूटीं मगर जब वो दोबारा उठीं तो सिंगिग की दुनिया की 'धुरंधर' बन गईं।

आदित्य घर की 'धुरंधर' से एक तरह से जैस्मिन को दोबारा बड़े लेवल का चांस मिला। पहले पार्ट में 'धुरंधर' के टाइटल गाने से जैस्मिन की शुरूआत हुई। इसी फिल्म में उन्होंने 'शरारत' भी गया जो भारत समेत सीमा पार कर पाकिस्तान में खूब लोकप्रिय हुआ। 'धुरंधर द रिवेंज' में शाश्वत सचदेव के म्यूजिक कंपोजीशन में ज्यादातर गानें जैस्मिन सैंडलस के ही नाम रहे। साथ ही मशहूर पंजाबी सिंगर सतिंदर सरताज के साथ काम करने का जैस्मिन का सपना भी 'धुरंधर द रिवेंज' से पूरा हो गया। आज सिंगर एक बार फिर चर्चा में हैं और अपनी सफलता का जश्न मना रही हैं। 'धुरंधर' और 'धुरंधरः द रिवेंज' के बाद सिंगर जैस्मिन सैंडलस को फैंस का काफी प्यार मिल रहा है। मगर पंजाब की गलियों से लेकर आज स्टेज पर आग लगाने तक का सफर जैस्मिन के लिए आसान नहीं था। अपनी कड़ी मेहनत और मां के सपोर्ट के दम पर आज जैस्मिन की आवाज जगह-जगह गूंज रही है। पंजाब में जन्मी जैस्मिन को बचपन से ही गाने का बड़ा शौक था। उनकी मां उन्हें लेकर सिंगिग के लिए स्कूल के प्रोग्राम में लेकर जाती। छोटी जैस्मिन को पारंपरिक पंजाबी गाने बहुत अच्छे लगते थे।

## हॉलीवुड मसाला



# ट्रेलर देख रोंगटे हो जाएंगे खड़े

**लॉस एंजिल्स।** हांगकांग की आगामी एक्शन फिल्म 'द फ्यूरियस' का ट्रेलर ही सामने आया है, लेकिन फिल्म के एक्शन को लेकर ये लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। 2 मिनट 6 सेंकड के इस ट्रेलर में इतनी बर्बरता और क्रूरता देखने को मिली है। कि आप एनिमल के रणविजय और धुरंधर के हमजा व रहमान डकैत की क्रूरता को भी रहम ही समझेंगे। फिल्म की कहानी वेई (शी) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध समूह द्वारा अपहरण की गई अपनी बेटी की तलाश कर रहा है। वेई की मदद नवीन (तस्लीम) करता है।



# हैरी पॉटर एंड द फिलॉसफर्स... सीरीज का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** एचबीओ के नए टीवी सीरीज हैरी पॉटर का ट्रेलर बुधवार देर रात जारी किया गया। राइटर जेके रोलिंग की किताब पर आधारित एचबीओ का यह अडैप्टेशन हैरी पॉटर की असल फिल्म सीरीज के काफी अलग होगी। इसकी झलक के साथ ही मेकर्स ने फैंस को एक सरप्राइज भी दिया है। मेकर्स ने साफ किया है कि यह सीरीज समय से पहले क्रिसमस 2026 पर रिलीज होगी। एक और चौंकाने वाली बता यह है कि इस सीरीज का ऑफिशियल टाइटल सिर्फ हैरी पॉटर नहीं, बल्कि हैरी पॉटर एंड द फिलॉसफर्स स्टोन है। ऐसे में फैंस उम्मीद जता रहे हैं कि यह इस टीवी सीरीज का सिर्फ पहला सीजन होगा। इसे फिल्म और नॉवेल की तरह ही कई पॉर्ट्स में रिलीज किया जाएगा। इस सीरीज के ट्रेलर में यंग हैरी और उसके दोस्त हरमाइनी ग्रेंजर व रॉन वीज्ली को हॉगवर्ट्स में अपने पहले साल में दिखाया गया है। ट्रेलर के कुछ सीन से यह तो साफ है मेकर्स ने फिल्म को सीन-ब-सीन कॉपी न करते हुए और डिटेल में कहानी बयां की है।



# टोस्टर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर होगी रिलीज

**मुंबई।** राजकुमार और पत्रलेखा द्वारा निर्मित 'टोस्टर' ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट जारी करते हुए एक वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में राजकुमार राव नजर आते है, जो ये बताते हैं कि उनकी फिल्म 'टोस्टर' 5 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर आ रही है। इसके साथ ही राजकुमार फिल्म में अपने किरदार और फिल्म की बाकी कास्ट के बारे में भी जानकारी देते हैं। फिल्म में राजकुमार राव रमाकांत नाम का किरदार निभा रहे हैं, जो एक कंजूस व्यक्ति है। कैप्शन में मेकर्स ने बताया है कि 'ये एक जबर-टोस्ट कॉमेडी होने वाली है।' वीडियो में राजकुमार राव से एक मोनोलॉग बोलने के लिए कहा जाता है और उन्हें स्क्रिप्ट दी जाती है। लेकिन राजकुमार कहते हैं कि हर बार मोनोलॉग बोलना जरूरी थोड़ी है।



# आखिरी सवाल में होंगे मुख्य भूमिका में

**मुंबई।** संजय दत्त इन दिनों फिल्म 'धुरंधर 2' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। संजय दत्त की अगली फिल्म का ऐलान कर दिया गया है। इसका नाम 'आखिरी सवाल' है। संजय दत्त फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। गुरुवार को फिल्म आखिरी सवाल का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया गया है। आखिरी सवाल के निर्माताओं ने गुरुवार को फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। आखिरी सवाल का निर्देशन नेशनल अवॉर्ड विनर डायरेक्टर अभिजीत मोहन वारंग ने किया है। इसकी पटकथा उत्कर्ष नैथानी ने लिखी है। यह फिल्म 15 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आखिरी सवाल फिल्म में संजय के अल्वा अमित साध, नमाशी चक्रवर्ती, समीरा रेड्डी, नीतू चंद्रा और त्रिधा चौधरी जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## टीवी मसाला



# 'क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं' दूसरे स्थान पर

**नई दिल्ली।** सीरियल अनुपमा और क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 के बीच पिछले कई हफ्तों से टीआरपी चार्ट में टॉप पर बने रहने की जंग चल रही है। ग्यारहवें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'क्योंकि सास' ने बाजी मारी है। एक बार फिर टीआरपी क्वीन का खिताब 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' की तुलसी के सिर पर सजा है। क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 सीरियल को दसवें हफ्ते में 2.0 की टीआरपी मिली थी, ग्यारहवें हफ्ते भी इसने अपने टीआरपी को बरकरार रखा है। 2.0 की टीआरपी के साथ यह लिस्ट में पहले स्थान पर जगह बनाने में कामयाब रहा है। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' का स्पीन ऑफ सीरियल 'क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं' हाल ही में शुरू हुआ है। इस सीरियल को ग्यारहवें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में दूसरा स्थान मिला है। इस सीरियल की टीआरपी 1.9 रही है। दसवें हफ्ते में सीरियल 'अनुपमा' 1.9 की टीआरपी के साथ दूसरे नंबर पर था, लेकिन ग्यारहवें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में यह तीसरे नंबर पर है। इसकी टीआरपी कम हुई है, ग्यारहवें हफ्ते में इसकी टीआरपी 1.8 रही है। ग्यारहवें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में चौथे नंबर पर सीरियल 'वसुधा' है, इसकी टीआरपी 1.8 है। वहीं ,पांचवें नंबर पर सीरियल 'गंगा मां की बेटियां' रहा है, इसकी टीआरपी 1.8 है। हाल ही में खत्म हुए रियलिटी शो 'द 50' की टीआरपी ग्यारहवें हफ्ते में भी काफी कम रही है, इसको 0.6 की टीआरपी मिली है। यह रियलिटी शो 'बिग बॉस' जैसे जादू दर्शकों पर नहीं चला पाया है।

## अब घर बैठे देख सकेंगे मर्दानी-3



**नई दिल्ली।** रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3' अगर आपने सिनेमाघरों में नहीं देखी, तो अब आप इसे घर बैठे देख सकते हैं। क्योंकि सिनेमाघरों के बाद अब फिल्म 'मर्दानी 3' ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। मेकर्स ने फिल्म की ओटीटी रिलीज डेट और प्लेटफॉर्म दोनों की घोषणा कर दी है। 'मर्दानी 3' शुक्रवार 27 मार्च से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम करेगी। खुद नेटफ्लिक्स की ओर से एक पोस्ट के जरिए ये जानकारी साझा की गई है। फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए नेटफ्लिक्स ने कैप्शन में लिखा, 'अपराधियों के बुरे दिन शुरू। शेरनी आ रही है शिकार करने। 27 मार्च को नेटफ्लिक्स पर मर्दानी 3 देखें।' अभिराज मीनावाला द्वारा निर्देशित 'मर्दानी 3' रानी मुखर्जी की 'मर्दानी' फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त है।

# एक दिन का गाना ख्वाब देखूं रिलीज दिखी जुनैद-साई की केमिस्ट्री

**मुंबई।** गुरुवार को जुनैद खान और साई पलल्वी की फिल्म 'एक दिन' का गाना 'ख्वाब देखूं' रिलीज हो चुका है। इस रोमांटिक गाने को साई और जुनैद पर फिल्माया गया है। यह एक



रोमांटिक गाना है। इस गाने को अरिजीत के साथ पार्श्वगायक तरन्नुम मलिक जैन ने गाया है, जो फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। दिलचस्प बात यह है कि 'ख्वाब देखूं' गाने का कुछ हिस्सा कुछ हफ्ते पहले रिलीज हुए 'एक दिन' के ट्रेलर में भी दिखाया जा चुका है। इस गाने को अरिजीत के फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। 'एक दिन' एक रोमांटिक फिल्म है। इस फिल्म में साई पल्लवी और जुनैद खान मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म में कुणाल कपूर और केविन दवे सहायक भूमिकाओं में नजर आएंगे। आमिर खान की इस फिल्म की शूटिंग ज्यादातर जापान में हुई है। इस फिल्म का निर्देशन सुनील पांडे ने किया है। इसकी पटकथा स्नेहा देसाई और स्पंदन मिश्रा ने मिलकर लिखी है। वहीं, मंसूर खान, आमिर खान और अपर्णा पुरोहित इसके निर्माता हैं। 'एक दिन' 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# बिंदास और बेफिक्र इंसान होता है सबसे ज्यादा फैशनेबल : सिद्धांत

**मुंबई।** सिद्धांत चतुर्वेदी ने अपने छोटे से कॅरियर में अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। यही कारण है कि उनकी गिनती इंडस्ट्री के उभरते हुए सितारों में होती है। असल जिंदगी में काफी ग्राउंडेड नजर आने वाले सिद्धांत चतुर्वेदी ने अब सोशल मीडिया पर फैशन के बढ़ते दबाव के बारे में खुलकर बात की है। साथ ही उन्होंने अपने लक्ष्य को लेकर भी बताया। सिद्धांत चतुर्वेदी स्पष्ट तौर पर कहा कि मेरी पहली पहचान एक अभिनेता के रूप में है, न कि फैशन आइकन के रूप में। फैशन को लेकर अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए सिद्धांत ने कहा कि मुझे लगता है कि सबसे फैशनेबल व्यक्ति वह है, जो ज्यादा नहीं सोचता, थोड़ा बेफिक्र और बिंदास होता है। आखिरकार किसी के व्यक्तित्व को देखकर उसका स्वैग अपने आप झलक जाता है। अगर आप ज्यादा सोचते हैं, तो आप दूसरों जैसा बनने की कोशिश कर रहे



होते हैं, मुझे ऐसा लगता है। एक्टर ने कहा कि मैं एक अभिनेता बनने आया हूं, मुझे वह अवसर मिला और आज मैं एक अभिनेता हूं। यही मेरे लिए सबसे बड़ी बात है। फैशन की बात करें तो, यह सब मेरी फिल्मों में ही है, मतलब वे हमें अच्छे कपड़े पहनाते हैं। मेरा मानना है कि सबका अपना-अपना फैशन होता है। मुझे साधारण रहना ज्यादा पसंद है। फैशन को किसी पर थोपना नहीं चाहिए। सिद्धांत चतुर्वेदी के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेता आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई फिल्म 'दो दीवाने सहर में' में नजर आए थे।

## शीश झुकाओ राम गुन गाओ, बोलो जय विष्णु के अवतारी...

# बॉलीवुड के इन गीतों में बसे हैं राम, रफी से लेकर किशोर ने दी आवाज

*नई दिल्ली। पूरे देश में रामनवमी पर भगवान राम के नाम की गूंज सुनाई दे रही है। हर कोई प्रभु राम की आराधना कर रहा है और रामनवमी की शुभकामनाएं दे रहा है। इस मौके पर जानते हैं बॉलीवुड के उन गानों के बारे में जिनमें सुनाई दी राम नाम की धुन। जानते हैं ऐसे ही कुछ प्रमुख राम भक्ति में डूबे गीतों के बारे में।*

### सुख के सब साथी दुख में न कोई


दिलीप कुमार-सायरा बानो की फिल्म गोपी का गीत 'सुख के सब साथी दुख में न कोई' प्रभु राम की आराधना में लिखा हुआ गीत है। इसे दिलीप कुमार पर फिल्माया गया है और इस गीत को गाया है मोहम्मद रफी ने। गाने में संगीत कल्याणजी-आनंदजी का है और शब्द राजेंद्र कृष्ण ने लिखे हैं। ये भजन आज भी काफी लोकप्रिय है।

### दुनिया में है तेरा बड़ा नाम...

1973 में आई धर्मेंद्र की फिल्म 'लोफर' में भगवान राम से जुड़ा एक भजन गीत सुनाई देता है- 'दुनिया में है तेरा बड़ा नाम।' ओमप्रकाश पर फिल्माये गए इस गाने को महेंद्र कपूर ने अपनी आवाज दी। गाने के बोल लिखे हैं आनंद बख्शी ने और संगीत लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने दिया है।

### रामजी की निकली सवारी

ऋषि कपूर और जया प्रदा पर फिल्माया गया गीत 'रामजी की निकली सवारी' सरगम फिल्म का है। इस भजन को मोहम्मद रफी ने अपनी आवाज से और भी मधुर बना दिया है। जबकि गाने के बोल आनंद बख्शी ने लिखे हैं। इसमें संगीत लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल का है।



### राम का नाम बदनाम न करो

देव आनंद की 'हरे रामा हरे कृष्णा' फिल्म का गीत 'राम का नाम बदनाम न करो' एक सामाजिक संदेश देने वाला गीत है। इस गाने के शब्द युवाओं को संदेश देते हैं और नशे की आदत से छुटकारा पाने के लिए प्रेरित करते हैं। इस गाने को किशोर कुमार ने गाया है और आनंद बख्शी ने लिखा है। गाने में संगीत आरडी बर्मन का है।

### रघुपति राघव राजाराम

रघुपति राघव राजाराम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का पसंदीदा भजन रहा है। इस भजन को कई हिंदी फिल्मों में भी इस्तेमाल किया गया है। अलग-अलग वर्जन और अलग-अलग लिरिक्स के साथ इन पंक्तियों का इस्तेमाल किया गया है। मनोज कुमार की पूरब और पश्चिम में जहां यह भजन के तौर पर सुनाई देता है। वहीं, ऋतिक रोशन की 'कृष 3' में इन पंक्तियों को मॉडर्न म्यूजिक के साथ एक गाने ते कौर पर इस्तेमाल किया गया है।

### जय श्रीराम जय श्रीराम

साल 2023 में आई प्रभास और कृति सेनन की फिल्म आदिपुरुष रामायण पर आधारित बताई गई थी। लेकिन, फिल्म अपने डायलॉग और किरदारों को लेकर काफी आलोचनाओं में रही थी। हालांकि, भगवान राम की आराधना करने वाला इस फिल्म का गीत 'जय श्रीराम' काफी पॉपुलर हुआ था और लोगों ने इसे पसंद किया था। इस गाने को अजय-अतुल ने गाया है और उन्होंने ही संगीत दिया है। जबकि गाने को लिखा मनोज मुंतशिर ने है।

## खबर संक्षेप

### डायल 112 का एक दिवसीय कार्यशाला



**बैकुण्ठपुर।** रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर में 27 मार्च को डायल 112 सेवा के सुदृढ़ीकरण के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आपातकालीन सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं त्वरित बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यशाला में विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान डायल 112 सेवा की कार्यप्रणाली, त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली तथा आम नागरिकों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। रक्षित निरीक्षक विपुल आनंद जांगड़े ने बताया कि डायल 112 के माध्यम से पुलिस, अग्निशमन एवं एम्बुलेंस जैसी आपात सेवाएं एक ही नंबर पर त्वरित रूप से उपलब्ध कराई जाती हैं, जिससे आपात स्थितियों में शीघ्र सहायता सुनिश्चित होती है। कार्यशाला में सेवा की गुणवत्ता में सुधार, तकनीकी सुदृढ़ीकरण तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही प्रतिक्रिया समय को कम करने एवं आम जनता तक सेवा की पहुंच बढ़ाने के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अंत में उपस्थित कर्मचारियों से सुझाव प्राप्त किए गए तथा भविष्य में डायल 112 सेवा को और अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने का संकल्प लिया गया। यह कार्यशाला पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. सुरेशा चौबे के निर्देशन तथा अनुविभागीय अधिकारी राजेश साहू के पर्यवेक्षण में रक्षित निरीक्षक विपुल आनंद जांगड़े द्वारा संपन्न कराई गई।

### विश्व क्षय दिवस पर स्वास्थ्य शिक्षा का आयोजन



**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में 24 मार्च को विश्व क्षय दिवस के अवसर पर न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में अध्ययनरत बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने जिला अस्पताल परिसर में पोस्टर के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य शिक्षा दिया। इस वर्ष क्षय दिवस की थीम यस वी केन इंड टीबी जिसका अर्थ हां हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं, यह थीम इस विश्वास पर आधारित है कि सामूहिक प्रयासों राजनीतिक प्रतिबद्धता और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से इस महामारी को समाप्त किया जा सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार देशों को इस लड़ाई का नेतृत्व करना चाहिए और लोगों को सशक्त बनाना चाहिए और यह थीम भारत के नेतृत्व और जनता की भागीदारी पर जोर देती है, जो क्षय रोग को समाप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। छात्रों ने अपने रचनात्मकता का परिचय देते हुए पोस्टर के माध्यम से क्षय रोग के कारण, लक्षण बचाव के उपाए और उसके उपचार के महत्व को प्रभावी ढ़ग से दर्शाया। इसमें तृतीय सेमेस्टर के छात्रों द्वारा इस कार्यक्रम का अर्थ केवल समाज में जागरूकता फैलाने और लागों को क्षय रोग के प्रति बचाने का प्रयास किया गया। स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन मिस पूनम सिंह एसोसिएट प्रोफेसर और बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं के द्वारा संस्था संचालक डॉ. प्रिंस जायसवाल के निर्देशानुसार प्राचार्य के मार्गदर्शन में किया गया।

## जिले के कई स्थानों पर कुछ देर की झमाझम बारिश

# फिर बदला मौसमः तेज हवाओं के साथ अचानक हुई तेज बारिश

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

मौसम का मिजाज के बदलने से शुक्रवार को अपरान्ह जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित जिले के कई स्थानों पर कुछ देर की झमाझम बारिश हुई,वहीं इसके पूर्व तेज हवाएं भी चली, इसके चलते कुछ जगहों पर पेड़ों की डंगाल भी टूटकर गिर गई। कुछ देर की बारिश होने के बाद थम गई, फिर तेज धूप खिल गई, जो शाम ढलने तक धूप खिला रहा। 27 मार्च को सुबह से ही आसमान पूरी तरह से साफ रहा और धूप खिली रही ,लेकिन दोपहर बाद से अचानक आसमान में काले बादल उमड़ने लगे और तेज हवा चलने लगी। इसी बीच शहर में करीब 3:30 बजे अचानक बे मौसम बारिश शुरू हो गई, जो कुछ देकर के बाद थम गई। थोड़ी देर हुई बारिश में ही सड़कों पर पानी कुछ जगहों पर जमा हो गया। जब बारिश शुरू हुई और हवा भी चलती रही तो गर्मी से थोड़ी देर के लिए राहत जरूरत मिली, लेकिन बारिश थमने के बाद जब तेज धूप निकली, तब लोगों को उमस भरी गर्मी से बे हाल होना पड़ा।

उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व जिले का मौसम कुछ दिनों तक बिगड़ा, इसके चलते गर्मी की रफ्तार कम हो गई थी, लेकिन इसके बाद फिर मौसम का मिजाज बदला और शुक्रवार को जिले के कई जगहों पर तेज हवा के साथ बे मौसम बारिश हुई। जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के अलावा जिले के सोनहत, चरचा कॉलरी सहित अन्य क्षेत्रों में बे मौसम झमाझम बारिश कुछ देर तक हुई। इस दौरान कुछ जगहों पर छुटपुट छोटे साइज के ओले भी गिरने की जानकारी है।



### टूटा डंगाल गिरा मुख्य मार्ग पर

शहर के स्कूलपारा मुख्य मार्ग पर बे मौसम बारिश के दौरान चल रही तेज हवा के कारण आम पेड़ का छोटा डंगाल अचानक टूटकर सड़क पर गिरा, लेकिन गंभीर खतरा टल गया। जानकारी के अनुसार जिस वक्त आम पेड़ का छोटा डंगाल टूटा उसी समय एक कार गुजर रही थी, जिसके उपर डगाल गिर गया, लेकिन कार सुरक्षित निकल गया। यदि पेड़ का मोटा हिस्सा टूटकर गिरा होता तो वाहन को क्षति होने के साथ गंभीर दुर्घटना का कारण भी बन सकता था।



### बे मौसम बारिश से बिजली गुल

शहर में शुक्रवार को अपरान्ह जब तेज हवा के साथ बे मौसम बाशि शुरू हुई ,इसके साथ ही शहर क्षेत्र की विद्युत कट हो गई, जो घंटो बाद तक बिजली गुल रही। इसके चलते लोगों को उमस भरी गर्मी से परेशान होना पड़ा। जानकारी के अनुसार बारिश के साथ शुरू हुई विद्युत कट शाम ढलने तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी। उल्लेखनीय है कि शहर में जब भी हल्की भी बारिश शुरू होती है, इसके साथ ही विद्युत कट कर दी जाती है।

### आम व महुआ फूल को नुकसान

शुक्रवार को अपरान्ह अचानक हुई बे मौसम बारिश के साथ चली तेज हवाओं के कारण आम के टिकोरे बड़ी मात्रा में झड़ गए, इससे आम को नुकसान पहुंचा, इसके अलावा महुआ फूल को भी तेज हवाओं के कारण नुकसान पहुंचा, वहीं खेतों में पक्कर तैयार गेहूं की फसल पर भी बे मौसम बारिश का असर पड़ने की आशंका है।

## मौसम का मिजाज: कुछ देर हुई झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी



रामनवमी के अवसर पर चरचा क्षेत्र में मौसम ने अचानक करवट ले ली। चैत्र नवरात्र के समापन के बीच दोपहर बाद शुरू हुई तेज बारिश ने पूरे इलाके को तर-बतर कर दिया। जहां एक ओर लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली, वहीं दूसरी ओर त्योहार के उत्साह पर आंशिक असर भी देखने को मिला।

सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए हुए थे, लेकिन दोपहर होते-होते तेज हवाओं के साथ कुछ देर झमाझम बारिश हुई। बारिश इतनी तेज थी कि सड़कों पर पानी भर गया और कई जगहों पर कीचड़ की स्थिति बन गई, इससे आमजन को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ा। रामनवमी के अवसर पर मंदिरों में होने वाले विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और शोभायात्राओं की तैयारियों पर भी बारिश का असर पड़ा। कई आयोजनों को सीमित करना पड़ा, जबकि कुछ स्थानों पर कार्यक्रमों में देरी हुई। इसके बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं आई और लोग भीगते हुए भी मंदिरों में दर्शन के लिए पहुंचते रहे। बारिश के कारण बाजारों में भीड़ कम रही, जिससे व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ा।

वहीं बच्चों और युवाओं ने इस बदले मौसम का आनंद लिया और बारिश में भीगते नजर आए। बारिश के चलते कई इलाकों में बिजली आपूर्ति भी कुछ समय के लिए प्रभावित रही। निचले क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बनने से राहगीरों और वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार इस अचानक बदलाव के पीछे पश्चिमी विक्षोभ और स्थानीय मौसमी प्रभाव जिम्मेदार हैं। आने वाले एक-दो दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है, जिससे तापमान में गिरावट बनी रह सकती है। रामनवमी के अवसर पर जहां श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था, वहीं इस अप्रत्याशित बारिश ने एक अलग ही माहौल बना दिया। मंदिरों में घंटों की गूंज और बारिश की बूंदों की आवाज ने पूरे वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया।

## विधायक ने ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

**लखनपुर।** लुण्ड्रा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुन्नी में भेंट मुलाकात करने विधायक प्रबोध मिंज पहुंचे जहां उन्होंने भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर पार्टी संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा किया। साथ ही क्षेत्र के ग्रामीणों से उनकी समस्या से रूबरू हुए। साथी फोन के माध्यम से अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने नवापारा से कुन्नी पहुंच मार्ग सड़क निर्माण का निरीक्षण करते हुए ठेकेदार और अधिकारियों से चर्चा कर गुणवत्ता पूर्ण सड़क निर्माण कार्य करने निर्देशित किया है। इस दौरान कुन्नी मंडल अध्यक्ष रवि महंत, विधायक प्रतिनिधि राकेश साहू, महामंत्री विक्रम सिंह, भैयालाल साहू, देवनारायण यादव, कुलदीप अग्रवाल, गुलाब प्रजापति, अजय सोनी, पारस राजवाड़े, आदि शामिल रहे।

## शिवचरण के खाते में आए 10 हजार

**बैकुण्ठपुर।** छग सरकार की जनकल्याणकारी योजना के तहत भूमिहीन कृषि मजदूरों को आर्थिक सहायता मिलनी शुरू हो गई है। इसी क्रम में पटना नगर पंचायत निवासी शिवचरण के खाते में 10 हजार रूपए की राशि प्राप्त होने पर उन्होंने खुशी जताते हुए राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले से दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से एकमुश्त 10 हजार रूपए की राशि अंतरित की थी। इस पहल का लाभ कोरिया जिले के हितग्राहियों को भी मिल रहा है। श्री शिवचरण को पटना नगर पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। उन्होंने राशि मिलने पर कहा कि यह योजना गरीबों के लिए बेहद सहायक है और सरकार जरूरतमंदों के हित में कार्य कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि सरकार सभी वर्गों की चिंता करते हुए उन्हें लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। उल्लेखनीय है कि छग सरकार द्वारा दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को एकमुश्त 10 हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की जा रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक संबल मिल रहा है।

- दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना से ग्रामीणों को राहत



## बर्ड फ्लू को लेकर विभाग हुआ सतर्क सभी को सावधानी बरतने के निर्देश



**अम्बिकापुर।** पड़ोसी जिला बिलासपुर में बर्ड फ्लू का प्रकोप फैलने की सूचना पर पशु चिकित्सा विभाग सतर्क हो गया है। विभाग ने जिले के सभी पोल्ट्री फार्म संचालकों को सावधानी बरतने एवं अपने फार्म में बाहर के व्यक्तियों एवं पक्षियों को प्रवेश नहीं देने की सलाह दी है।

पशु-पक्षियों में घातक बीमारी फैलने की दृष्टि से सरगुजा फिलहाल पूरी तरह सुरक्षित है। सरगुजा की निजी एवं शासकीय सभी पोल्ट्री फार्म निर्वाध गति से संचालित हैं तथा जिले के शासकीय एवं निजी फर्मों में रहने वाले कुक्कुट श्रेणी के सभी पक्षी पूरी तरह सुरक्षित हैं। सरगुजा के सभी पोल्ट्री फार्म संक्रामक बीमारियों से आगे भी सुरक्षित रहे इसलिए पशु चिकित्सा विभाग द्वारा विशेष सावधानी बरती जा रही है। उप संचालक डॉ.आरपी शुक्ला ने बताया कि मुर्गे-मुर्गी अत्यंत संवेदनशील होते हैं। बर्ड फ्लू प्रभावित पक्षियों अथवा संपर्क में रहने वाले व्यक्तियों के संपर्क में आने से यह जीवाणु फैलता है। इसकी रोकथाम के लिए पोल्ट्री संचालकों को अपने फार्म की नियमित साफ-सफाई एवं सेनिटेशन कराने के साथ ही बाहर के व्यक्तियों एवं पक्षियों को प्रवेश नहीं देने की सलाह दी गई है। उन्होंने बताया कि पशु चिकित्सा अधिकारियों को भी कुक्कुट के परिवहन पर नजर रखने एवं नियमित कुक्कुट एवं अंडा का व्यवसाय करने वाली दुकानों, पोल्ट्री फार्मों की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं।

## कार्यकर्ता ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी : रामसेवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



भारतीय जनता पार्टी मंडल शहर द्वारा भाजपा कार्यालय में प. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत प्रशिक्षण वर्ग का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक उपलब्धियों एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का आकर्षक प्रदर्शन किया गया, जो कार्यकर्ताओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

इस अवसर पर वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने कहा कि कार्यकर्ता ही किसी भी संगठन की सबसे बड़ी ताकत और असली पूंजी होते हैं उनकी मेहनत, निष्ठा और समर्पण से ही संगठन मजबूत और सशक्त बनता है। कार्यकर्ता जितना सक्रिय और जागरूक होगा, संगठन उतना ही सफल होगा। हमारा दायित्व है कि हम हर कार्यकर्ता का सम्मान करें। संगठन की प्रगति का आधार ही कार्यकर्ता की शक्ति और एकजुटता है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भीमसेन अग्रवाल ने कहा कि हमें दूसरों के साथ वैसा व्यवहार करना चाहिए जैसा हम अपने लिए अपेक्षा करते हैं। प्रशिक्षण हमें केवल जानकारी ही नहीं, बल्कि कार्य करने की सही दिशा और दृष्टि प्रदान करता है। जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं ने जिस समर्पण, अनुशासन और सक्रियता के साथ कार्य किया है, वह सराहनीय है। पूर्व जिला महामंत्री राजेश महलवाला ने कहा कि वैचारिक अधिष्ठान ही किसी संगठन की मूल शक्ति और पहचान होता है मजबूत विचारधारा हमें सही दिशा, स्पष्ट लक्ष्य और स्थिरता प्रदान करती है। विभिन्न सत्रों में रामकृपाल साहू, नूतन विश्वास, शशिकांत गर्ग, ललित गोयल, राजेश्वर तिवारी, नेहा तिवारी, देव गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। विभिन्न सत्रों की अध्यक्षता संदीप अग्रवाल, थलेश्वर साहू, अजय अग्रवाल, राजेश साहू, राजू देवांगन, शशिकिरण खेस, श्रवण गोयल ने की। इस दौरान अशरफ इराकी, भोलाशंकर साहू, प्यारे साहू, ललन सोनवानी, सहीम अंसारी, प्रदीप सोनी आदि शामिल रहे।

## पेट्रोल-डीजल पर टैक्स में बड़ी कटौती, आम जनता को राहत

**बैकुण्ठपुर।** विपरीत वैश्विक परिस्थितियों और अंतरराष्टीय बाजार में बढ़ती ऊर्जा कीमतों के बीच नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने आम जनता को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर लगने वाले उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) में महत्वपूर्ण कटौती की घोषणा की है। इस फैसले से देशभर के उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। सरकार द्वारा जारी निर्णय के अनुसार पेट्रोल और डीजल दोनों पर 10 रूपए प्रति लीटर तक की कटौती की गई है। इसके बाद पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी 13 रूपए से घटाकर 3 रूपए प्रति लीटर कर दी गई है, जबकि डीजल पर इसे 10 रूपए से घटाकर शून्य कर दिया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम से परिवहन लागत में कमी आएगी, जिससे महंगाई पर नियंत्रण पाने में मदद मिलेगी। पेट्रोल-डीजल सस्ता होने से दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में भी गिरावट संभव है। साथ ही किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। पर्यटन, उद्योग और सेवा क्षेत्र पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने केन्द्र सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे नई ऊर्जा और नया विश्वास देने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय जनहित को प्राथमिकता देने वाली सरकार की सोच को दर्शाता है। देशभर में इस फैसले का व्यापक स्वागत किया जा रहा है और लोगों का मानना है कि यह कदम आर्थिक दबाव झेल रही जनता को बड़ी राहत प्रदान करेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने केन्द्र सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे नई ऊर्जा और नया विश्वास देने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय जनहित को प्राथमिकता देने वाली सरकार की सोच को दर्शाता है। देशभर में इस फैसले का व्यापक स्वागत किया जा रहा है और लोगों का मानना है कि यह कदम आर्थिक दबाव झेल रही जनता को बड़ी राहत प्रदान करेगा।



## शिकार के लिए बिछाए करंट की बाड़ की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत



हरिभूमि न्यूज : अम्बिकापुर

वन विभाग के सख्त निर्देशों के बावजूद ग्रामीण वन्य जीवों के अवैध शिकार के लिए वनों में धड़ल्ले से करंट की बाड़ लगा रहे हैं। वन परिक्षेत्र मैनपाट अंतर्गत ग्राम असकरा से सटे बड़ेरा भूसाखोल जंगल में ग्रामीणों द्वारा लगाए गए करंट की बाड़ के संपर्क में आने से एक ग्रामीण की मौत हो गई। करंट के संपर्क में आने से एक सियार भी कुछ दूरी पर मृत मिला है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बतौली ब्लाक के अंतर्गत ग्राम मुर्ताडांड निवासी मिसरालाल यादव पिता काशी यादव पेशे से ट्रक चालक था तथा गांव में अपना नया घर बना रहा था। मंगलवार को वह ट्रक लेकर अपने घर पहुंचा तथा शाम ढलते ही गांव के अपने चार दोस्तों को साथ लेकर कंडी के लिए लकड़ी काटने के उद्देश्य से बड़ेरा भूसाखोल जंगल पहुंचा था। जंगल में मिश्रालाल टांगी लेकर आगे-आगे चल रहा था जबकि उसके दोस्त कुछ दूरी पर पीछे-पीछे चल रहे थे। रात्रि 7.30 बजे पहाड़ी क्षेत्र के बड़ेरा भूसाखोल जंगल में मिसरालाल 50 मीटर ही चला होगा की अचानक छटपटाने लगा तथा गिरकर अचेत हो गया। मिसरालाल को तड़पते हुए गिरते देख उसके दोस्त वहां से भाग खड़े हुए तथा फोन से घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मनोज प्रजापति पुलिस बल एवं कुछ ग्रामीणों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा एक साथ कई टॉर्च को जलाकर छानबीन की तो लंबी दूरी में करंटयुक्त जीआई तार मिला।

## कुसमी कालेज भवन की हालत खतरनाक हालत ऐसी कि उखड़ने लगा प्लास्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

कुसमी महाविद्यालय की हालत काफी दयनीय हो गई है। देखरेख व समय पर मरम्मत नहीं होने से भवन की हालत ऐसी हो गई है अब छत, छज्जा सहित खिड़की दरवाजा टूटने लगी है। ऐसा नहीं है कि विद्यालय प्रबंधक द्वारा संबंधित विभाग को भवन की हालत से अवगत नहीं कराया है। बावजूद इसके भवन निर्माण के बाद आज तक भवन की मरम्मत नहीं हो सकी। आलम है कि प्राध्यापक जर्जर भवन में विद्यार्थियों को पढ़ाने को मजबूर है। ऐसे में अगर समय रहते भवन की मरम्मत या नए भवन का निर्माण नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। कुसमी स्व. महली भगत शासकीय महाविद्यालय भवन का निर्माण लगभग वर्ष 2008 में हुआ है, जहां सभी विषयों की पढ़ाई निरंतर जारी है।

- छज्जा गिरने से कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना
- 16 साल बाद भी भवन की नहीं हुई मरम्मत




महाविद्यालय में योग्य प्राध्यापकों की नियुक्ति छत्तीसगढ़ शासन द्वारा की गई है। भवन का बने हुए लगभग 18 वर्ष हो चुका है, शासन से कुल 9 एकड़ की भूमि महाविद्यालय के नाम से स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसमें एक एकड़ में लगभग महाविद्यालय भवन है जबकि शेष भूमि खाली पड़ा हुआ है। भवन की मरम्मत नहीं होने से छत, छज्जा , सहित खिड़की, दरवाजा की स्थिति काफी खराब हो चुकी है , लगभग सभी खिड़की , दरवाजा टूट गया है, वही छत की हालत ऐसी है कि बरसात के दिनों में सभी कमरे में पानी टपकता है। ऐसे मे महाविद्यालय में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों सहित प्राध्यापकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा भवन की छत और छज्जा काफी जर्जर हो गई और कई जगह से छत का प्लास्टर उखड़ कर गिर गए तो कई जगह छज्जा और प्लास्टर गिरने के कगार पर है। ऐसे मे समय रहते मरम्मत नहीं किया गया तो कभी भी प्लास्टर और छज्जा गिरने से बड़ा हादसा हो सकता है। भवन की हालत दयनीय होने पर महाविद्यालय प्रबंधक ने छत्तीसगढ़ शासन से इस भवन की मरम्मत या नया भवन बनाने की स्वीकृति राशि प्रदान करने की मांग की है जिससे विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को जर्जर भवन से निजात मिल सके।

